(81) Mr Prakash Agarwal

सुप्रसिद्ध सालीसीटर खेतान एण्ड कम्पनी में अटर्नीशिप प्रशिक्षण में दो युवतियों कुसुम झुनझुनवाला एवं श्रुतिकीर्ति पुरोहित ने प्रवेश किया । इस अवसर पर श्रीमती विद्यादेवी अग्रवाल गवाह के रूप में हस्ताक्षर करती हुई । निकट ही खड़े हैं—श्री भगवती प्रसाद खेतान श्री श्रीकिशन खेतान तथा अन्य ।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला वर्ष में सालीसीटर क्षेत्र में प्रवेश

कलकत्ता, २२ नवम्बर । आज एक संक्षिप्त किन्तु सुखद समारोह में दो शिक्षित युवतियों ने कानून के क्षेत्र में सालीसीटर बनने के लिए प्रवेश किया । एक हैं बैंकिंग जगत के श्री बी० एल० पुरोहित की पुत्री कुमारी श्रुतिकीर्ति पुरोहित एवं दूसरी हैं श्री सत्यनारायण झुंझुनवाला की पुत्री कुसुम झुंझुनवाला । "विश्वमित्र" सम्पादक की धर्मपत्नी श्रीमती विद्यादेवी अग्रवाल ने खेतान कम्पनी के कार्यालय में गवाह के रूप में हस्ताक्षर किया ।

प्रवीण एटर्नी एवं समाजसेवी श्री भगवती प्रसाद जी खेतान ने जिनके प्रोत्साहन से अनेकों युवक इस क्षेत्र में प्रवेश कर चुके हैं, बताया कि खेतान कम्पनी को स्थापित हुए ६४ वर्ष हो गये हैं । ६ नवम्बर १९११ को इसकी स्थापना हुई थी और तब से निरंतर युवकों को प्रोत्साहित किया गया । शिक्षण काल में मासिक खर्च भी दिया जाता है ।

एक अन्य राजस्थानी महिला श्रीमती कुसुम खेतान भी इसी फर्म में ट्रेनिंग में हैं । अंतर्राष्ट्रीय महिला वर्ष के उपलक्ष में आज इन दो युवतियों ने इस क्षेत्र में प्रवेश किया । श्री श्रीकिशन खेतान, श्री प्रमोद खेतान ने नयी छात्राओं का स्वागत किया ।

यह जरूरी नहीं कि आज के मूल्य घोषित किए जाएं । घोषणाकारी १९७१ में खरीद की राशि ही बताए । कर उसी राशि पर रोपित होगा । किन्तु चालू वर्ष में संपत्ति कर आज के मूल्य पर चुकाना होगा ।

श्री मेहता ने उक्त अवसर पर फिर एक बार जोर देकर कहा कि गुप्त धन की घोषणा जितनी जल्दी हो कर दी जाए । देर करना खतरा मोल लेना है । प्रारंभ में चेम्बर की ओर से सभापति श्री विजय स्वाइका ने कहा कि यह अनुमान लगाया जा रहा है कि दिसम्बर में गुप्त धन की घोषणा जोर-शोर से होगी । लेकिन इस संबंध में जो संशय और परेशानी का भय है उसे दूर किया जाना चाहिए । गुप्त धन का विनियोजन चल और अचल संपत्तियों में अधिक हुआ है । अस्तु घोषणा के संदर्भ में जो शंकाएं हैं उनका समाधान अपेक्षित है । श्री स्वाइका ने करारोपण से सम्बन्धित अन्य कई विषयों की ओर भी श्री मेहता का ध्यान आकर्षित किया जिनसे करदाताओं को परेशानी होती है और नहीं लगने वाला कर भी लग जाता है । इन विषयों के संबंध में सहानुभूतिपूर्वक विचार का आश्वासन श्री मेहता ने श्री स्वाइका को दिया । श्री डी० एम० कोठारी ने भी स्वेच्छा से गुप्त धन की घोषणा के संदर्भ में कई जिज्ञासाएं कीं जिनका समुचित उत्तर श्री मेहता ने दिया । श्री अमिताभ कोठारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया ।

श्री गोविन्द आश्रम भवन का शिलान्यास

हवड़ा, २२ नवम्बर । शास्त्रीय अनुष्ठान के मध्य जिले के बाक्साड़ा रोड स्थित श्री राम गोबिंद परमहंस देव के समाधि मंदिर और आश्रम के नए भवन का शिलान्यास संपन्न हुआ । अनुष्ठान की अध्यक्षता कर रहे थे मुख्य न्यायाधीश श्री शंकर प्रसाद मित्रा और प्रधान अतिथि थे जिला शासक श्री जे० मिश्र । आश्रमाचार्य द्वय श्री प्रेमदास और तुलसी दास ब्रह्मचारी ने अपने स्वागत-आशीर्वाद में आश्रम प्रतिष्ठा श्री राम गोबिंद की लीला माधुरी, सेवा प्रचेष्टा और आश्रम के उद्देश्य के बारे में अतिथियों को विस्तृत जानकारी दी । सभापति श्री मित्रा ने मंदिर निर्माण समिति की योजना की सराहना की । प्रधान अतिथि श्री मिश्र अपने वक्तव्य में कहा कि निर्माण कार्य में मेरी ओर से और सरकार की ओर से सभी संभव सहायता सुलभ होगी । श्री विजय स्वाइका ने अनुष्ठान में भाषण देते हुए कहा कि भारतीय दर्शन और संस्कृति के धारक व वाहक के रूप में श्री राम गोबिंद का आविर्भाव हुआ था । आश्रम एवं मंदिर भवन के नव-निर्माण से बहुजनों का कल्याण होगा । योगध्यायाचार्य श्री नीरोद सरकार ने भी भारतीय शिक्षा एवं सनातन सभ्यता पर प्रकाश डाला ।

न्यू बैंक की नयी शाखा उद्घाटित

कलकत्ता, २२ नवम्बर । दि न्यू बैंक आफ इंडिया लि० की नयी शाखा का उद्घाटन भवानीपुर क्षेत्र में आज संपन्न हुआ । मैनेजर श्री ए० के० कपूर ने आशा प्रगट की कि इस क्षेत्र के निवासियों को इस शाखा से लाभ पहुंचेगा । श्री डी० आर० गंडोत्रा बैंक के चेयरमैन हैं ।

कोयला क्षेत्रके उत्खनन में मदद

कलकत्ता, २२ नवम्बर । श्रीमती पूर्वी मुखर्जी एम० पी० तथा प० बंगाल सरकार के भूमि और राजस्व मंत्री श्री गुरुपद खान ने हाल ही में प्रधानमंत्री से भेंट की और बांकुड़ा जिले में प्राप्त कोयला क्षेत्र मेंभिया में और अधिक उत्खनन कार्य कराने के लिए उनकी सहायता का अनुरोध किया । इस प्रसंग में यह उल्लेख है कि सूखे के समय बांकुड़ा के गरीब और पीड़ित लोगों की आर्थिक दशा सुधारने में प्रधानमंत्री ने गहरी दिलचस्पी जाहिर की है और जनता को राहत देने के उपाय भी किए हैं ।

अनामिका का हास्य से
ओत-प्रोत नाटक

राम श्याम जदु

जिसे हजारों परिवारों ने देखा है आप भी सपरिवार देखना न चूकें। अन्तिम चन्द प्रदर्शन ।
प्रत्येक रविवार सायं ६ बजे

कलामन्दिर (तलकक्ष)

अभिनव भारती बालमन्दिर

११, प्रिटोरिया स्ट्रीट कलकत्ता-१६

वर्ष १९७६ के लिये बच्चों की भर्ती ता० २४-११-७५ से आरम्भ होकर ता० १३-१२-७५ तक चलेगी । मनोविकास केन्द्र में मन्दबुद्धि एवं समस्यामूलक बच्चों की भर्ती भी चालू है । इच्छुक माता-पिता दिन के १०-३० बजे से ३-०० बजे तक कार्यालय से संपर्क स्थापित करें ।
प्रधानाध्यापिका ।

(५२९९)